

# 7 रानी का उपहार


0225CH07

## आओ पढ़ें

एक बार जगदीप नाम का राजा अपनी रानी के लिए नक्काशी वाला बहुत सुंदर पलंग बनवाना चाहता था। उसने अपने नगर का सबसे अच्छा बढ़ई बुलवाया।




© NCERT not to be republished




राजा के साथ-साथ अन्य लोग भी असमंजस में थे।




बताइए कि मंत्री के पास इस समस्या का क्या हल हो सकता है? चर्चा कीजिए।

## आओ करें

**नीचे दी गई वस्तुओं को अपनी पाठ्यपुस्तक से मापिए।**

| वस्तु | अनुमानित लंबाई | वास्तविक लंबाई |
|---|---|---|
| मेज  | | |
| ब्लैकबोर्ड  | | |
| खिड़की  | | |

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25



## आओ करें


**कविता घर से स्कूल जा रही है। उसे देर हो रही है। उसे जल्दी स्कूल पहुँचने के लिए कौन-से रास्ते से जाना चाहिए? नीचे दिए गए चित्र में चिह्नित कीजिए।**






## आओ करें

**'क' से 'ख' तक पहुँचने के लिए सबसे लंबा रास्ता चुनिए।**




ऊपर दी गई आकृति में एक लाल बिंदु से दूसरे लाल बिंदु तक पहुँचने के लिए सबसे छोटा रास्ता बताइए।

बच्चों को अपने चुने गए रास्ते को धागे की सहायता से सत्यापित करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। लंबाई मापने में एक-दूसरे की सहायता करने के लिए भी कहिए।







© NCERT not to be republished

Reprint 2024-25

## कितने ब्लॉक्स?






## रिक्त स्थान भरिए।

क. जिराफ़ ______ ब्लॉक्स लंबा है।

ख. ______ 7 ब्लॉक्स लंबा है।

ग. बंदर ______ ब्लॉक्स लंबा है।

घ. हाथी ______ ब्लॉक्स लंबा है।

© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25



## आओ करें

**आपका हाथ कितना लंबा है? अपना हाथ ट्रेस कीजिए एवं रेखाओं की संख्या गिनिए।**

© NCERT not to be republished



## परियोजना कार्य


नीचे दी गई वस्तुओं की लंबाई अपनी पसंद की किसी वस्तु, जैसे— रबर, ब्लॉक्स, पेंसिल इत्यादि से मापिए। अपने मापन को कॉपी पर लिखिए।

- घर की कोई दीवार
- पलंग की लंबाई
- दरवाजे की लंबाई



# कद्दू जी की चौपाल

चित्र को देखिए और तुलना कीजिए कि कौन-सी सब्ज़ियाँ दूसरी सब्ज़ियों से हल्की या भारी हैं।




आपके विचार में कद्दू और तरबूज में से कौन भारी है? चर्चा कीजिए।

## रिक्त स्थान भरिए।

क. खरबूजा, गाजर से भारी है।

ख. मिर्च, ____________ से हल्की है।

ग. ____________, ____________ से भारी है।

घ. ____________, ____________ से हल्की है।

ङ. ____________ सबसे हल्की है।

च. ____________ सबसे भारी है।



Reprint 2024-25


## आओ करें


अपने आस-पास से कुछ वस्तुएँ इकट्ठी कीजिए। इनमें से सबसे भारी एवं सबसे हल्की वस्तु छाँटिए। सभी वस्तुओं को उनके भार के बढ़ते क्रम में लगाइए।

आपने कैसे जाना कि कौन हल्का है और कौन-सा भारी है?

### अपना तराज़ू बनाइए

दिए गए चित्र के अनुसार दो पेपर कप, धागा एवं एक छड़ी अथवा हैंगर की सहायता से एक तराज़ू बनाइए। अब किन्हीं दो वस्तुओं, जैसे— रबड़, गेंद, मोती, पेंसिल, रंग इत्यादि की तुलना कर बताइए कि कौन-सा भारी है।





## आओ करें

**क. सबसे भारी वस्तुओं पर गोला ◯ बनाइए।**

अ.








ब.











© NCERT not to be republished

## ख. सबसे हल्की वस्तुओं पर गोला ◯ बनाइए।


अ.







ब.









## आओ सोचें

कौन-सी सब्ज़ी या फल वाला पलड़ा नीचे जाएगा उस पर सही का चिह्न ✓ लगाइए। हल्के के लिए 'ह' और भारी के लिए 'भ' लिखें।

क.


 ✓



| भ | | ह |
|---|---|---|

ख.










| | |
|---|---|
| | |

ग.





| | |
|---|---|
| | |

घ.





| | |
|---|---|
| | |






Reprint 2024-25



## आओ करें

समान आकार के काग़ज़ के दो थैले लें। एक थैले में रेत एवं दूसरे थैले में सूखी पत्तियाँ भरिए। चर्चा कीजिए कि कौन-सा थैला भारी है।



**चित्र देखिए एवं पता कीजिए कि ये सभी किस प्रकार विभिन्न वस्तुओं को तोल रहे हैं।**





ऐसे तराजू पर सही का चिह्न ✓ लगाइए, जिसे आपने पहले से देखा है।

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25


# बगीचे में फल



तरबूज एवं आम झूले पर झूलना चाहते हैं। तरबूज झूले के एक ओर बैठ जाता है, जिस कारण झूला ऊपर नहीं उठ पा रहा है। उसके मित्र आम झूले के दूसरी ओर बैठ जाते हैं। तरबूज को कितने आमों से संतुलित किया जा सकता है? चित्र देखकर बताइए।



=



अगर 1 नारियल का वजन = 2 आमों का वजन

तरबूज को कितने नारियल से संतुलित किया जा सकता है? ______



## परियोजना कार्य

अपने कुछ मित्रों या परिवार के सदस्यों के नाम लिखिए, जिन्हें आप सोचते हैं कि उनका वजन—

क. आपके वजन के बराबर है ____________

ख. आपके वजन से अधिक है ____________

ग. आपके वजन से कम है ____________

ऐसे स्थानों का पता लगाइए, जहाँ आप अपना वजन तोल सकते हैं। अपना वजन ज्ञात कीजिए।

बच्चों को अपने आस-पास की वस्तुओं की तुलना में कुछ वस्तुओं के वजन का अनुमान लगाने के लिए प्रेरित करें।







© NCERT not to be republished

Reprint 2024-25

## आओ नीबू पानी बनाए।

रघु और उसके मित्रों ने रघु की दादी के लिए नीबू पानी बनाया। उन्होंने 1 गिलास नीबू पानी के लिए नीचे दी गई वस्तुओं का उपयोग किया—



क. पानी – 1 गिलास

ख. चीनी – 1 चम्मच

ग. नीबू रस – 2 चम्मच

घ. नमक – चुटकी भर

रघु अपने लिए और अपने दो मित्रों के लिए नीबू पानी बनाना चाहता है। रघु को 3 गिलास नीबू पानी और बनाना है। 3 गिलास नीबू पानी बनाने के लिए आवश्यक सामग्री की मात्रा लिखिए।

| | |
|---|---|
| **पानी**– ☐ गिलास | **चीनी**– ☐ चम्मच |
| **नीबू रस**– ☐ चम्मच | **नमक**– ☐ चुटकी |



### पता करें

आपके घर कौन-सा पेय पदार्थ बनाया जाता है? अपनी पसंद का पेय पदार्थ बनाने के लिए आवश्यक सामग्री का पता लगाइए।

आपकी पसंद के पेय पदार्थ का नाम ____________

| आवश्यक सामग्री | मात्रा |
|---|---|
| | |








© NCERT not to be republished

## पता करें

### रघु की बोतल 4 गिलास पानी से भर जाती है।



क. आपकी बोतल कितने गिलास पानी से भर सकती है? ______

ख. आपके मित्र की बोतल कितने गिलास पानी से भर सकती है? ______

ग. क्या आपके मित्र की बोतल बराबर अथवा अधिक अथवा कम मात्रा में पानी से भरती है?

### उस मित्र का नाम लिखिए, जिसकी बोतल में आपकी बोतल—

के बराबर पानी आ सकता है ______

से कम पानी आ सकता है ______

से अधिक पानी आ सकता है ______

© NCERT not to be republished

## परियोजना कार्य

गिलास की सहायता से एक जलतरंग (संगीत उपकरण) बनाइए। एक जैसे 5 से 7 गिलास इकट्ठा कीजिए। उनमें अलग-अलग स्तर पर पानी भरिए। सभी को बारी-बारी से चम्मच से बजाइए एवं चम्मच से बजाने पर होने वाली ध्वनि सुनिए। अलग-अलग ध्वनियाँ सुनने के लिए गिलासों के अलग-अलग हिस्से पर चम्मच से बजाइए।

हमारे जीवन में पानी के उपयोग एवं महत्व पर चर्चा कीजिए। पानी के सही उपयोग एवं पानी बर्बाद न करने पर भी चर्चा कीजिए।



Reprint 2024-25